**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बस्ती में सहायक लेखाकार के पद पर सेवानिवृत्त कर्मी की नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

तृतीय श्रेणी/समूह–ग के सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को सूचित किया जाता है कि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बस्ती में सहायक लेखाकार का पद रिक्त है, जिस पर सेवानिवृत्त कार्मिक को संविदा के आधार पर इस शर्त पर रखा जाना है कि ऐसे कार्मिक को संविदा के रूप में मिलने वाली राशि संबंधित कार्मिक के अंतिम आहरित वेतन में से शुद्ध पेंशन की धनराशि (राशिकरण के पूर्व यदि कोई हो) को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर होगी। नियुक्ति में ऐसे सेवानिवृत्त कर्मी को वरीयता दी जायेगी, जो न्यायालय के कार्य से भिज्ञ हों तथा लेखा कार्य कुशलतापूर्वक सम्पन्न कर सकते हों। अतः सभी इच्छुक अभ्यर्थी अधिकरण के कार्यालय से कनिष्ठ सहायक से आवेदन पत्र प्राप्त करके **दिनांक 22–06–2024 तक समय अपरान्ह 4–00बजे** तक अधिकरण में जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थियों का चयन एक समिति के द्वारा किया जायेगा, साक्षात्कार की सूचना उनको पृथक से दूरभाष या ई–मेल के माध्यम से दी जायेगी।

दिनांक 07–06–2024

**पीठासीन अधिकारी**,
न्यायालय मोटर दुर्घना दावा अधिकरण
बस्ती।

**प्रतिलिपि नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने हेतु अनुरोध सहित–**

पत्रांक- 517/C MACT/2024 दि० 7.6.24

1–श्रीमान जिला न्यायाधीश महोदय, बस्ती।
2–श्रीमान जिलाधिकारी,बस्ती।
3–सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रशासन) बस्ती को सभी सरकारी कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने हेतु एवं विज्ञप्ति जारी करने हेतु ।
4–नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर, जिला न्यायालय बस्ती को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की आधिकारित वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5–सहायक सूचना निदेशक बस्ती मण्डल बस्ती को आशय से कि वे जिले में ख्याति प्राप्त दो समाचार पत्रों में दिनांक 09–06–2024 तक न्यूनतम राजकीय दर पर विज्ञापन कराते हुए नियमानुसार विज्ञापन का बिल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**पीठासीन अधिकारी**, 07-06-2024
न्यायालय मोटर दुर्घना दावा अधिकरण
बस्ती।

## आवेदन पत्र का प्रारूप

1–आवेदित पद का नाम ––**सहायक लेखाकार**

2–आवेदक/आवेदिका का नाम ––––––––––––––––––––––––––––––

3–पिता/पति का नाम –––––––––––––––––––––––––––––––––––

4–जन्म तिथिं (प्रमाण पत्र संलग्न करें)––––––––––––––––––––––––

5–पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित–––––––––––––––––––––––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

6–गृह जनपद–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

7–शैक्षिक योग्यता(प्रमाण पत्र संलग्न करें)–––––––––––––––––––––––

8–सेवा निवृत्ति तिथि (आदेश की प्रति संलग्न करें)––––––––––––––––––

9–पद व विभाग का नाम, जिसमें कार्यरत रहे हों–––––––––––––––––––

10–सेवारत कार्मिक का अन्तिम वेतन(प्रमाण पत्र संलग्न करें)–––––––––––––

11–सेवानिवृत्त कार्मिक की आहरित पेंशन (प्रमाण पत्र संलग्न करें)––––––––––

12–पूर्ववर्ती 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि का विवरण––––––––––––––––
(स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करें)

13–मोबाइल संख्या––––––––––––––––––––––––––––––––––

14–ई–मेल आई0डी0––––––––––––––––––––––––––––––––––

15–लम्बित आपराधिक वाद का विवरण, यदि कोई हो–––––––––––––––––
( नोटरी शपथ पत्र पत्र संलग्न करें)

दिनांक–

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

## घोषणा पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे द्वारा दिया गया उक्त समस्त विवरण सही है और इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है। मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ तथा उक्त पद के राजकीय कार्य हेतु सक्षम हूँ।

एतद् द्वारा मैं स्वीकार करता/करती हूँ कि यदि मेरा चयन अधिकरण के रिक्त पद पर किया जाता है, तो यह चयन अनन्तिम रूप से होगा और मेरा पद पर कोई धारणाधिकार नहीं होगा और पूर्णकालिक (सेवा स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति) कार्मिकों की तैनाती होने के उपरान्त उक्त व्यवस्था स्वतः समाप्त समझी जायेगी।

स्थान–

दिनांक–

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

संलग्नकों का विवरण–